# प्रत्येक मोहल्ले में जलापूर्ति का समय निर्धारित करें : कलेक्टर

### ग्राम पंचायत टाटरी में जल जीवन मिशन का निरीक्षण



**मंडला, देशबन्धु।** कलेक्टर सोमेश मिश्रा एवं सीईओ जिला पंचायत श्रेयांश कूमट ने संयुक्त भ्रमण के दौरान ग्राम पंचायत टाटरी द्वारा संचालित जल जीवन मिशन के कार्यों का निरीक्षण किया। उन्होंने ग्राम पंचायत की बसाहट के चारों मोहल्लों में पेयजल प्रदाय के समय की जानकारी ली। साथ ही ग्रामवासियों से पेयजल की उपलब्धता को लेकर चर्चा की।

उन्होंने निर्देशित किया कि प्रतिदिन प्रत्येक मोहल्ले में जल प्रदाय का समय निर्धारित करें, जिससे मोहल्लेवासियों का जल प्रदाय का निर्धारित समय अभ्यास में आए। कलेक्टर ने निर्देशित किया कि प्रत्येक नल में टोंटी लगाने के लिए लोगों को प्रेरित करें, जिससे पेयजल का सदुपयोग हो सके। इस दौरान सीईओ जनपद पंचायत नैनपुर श्री विनोद मरावी सहित टाटरी पंचायत के सरपंच, सचिव तथा ग्रामीणजन उपस्थित थे।

## जीवन मिशन के कार्यों का अवलोकन

**मंडला, देशबन्धु।** कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने नैनपुर क्षेत्र के विभिन्न ग्रामों का भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने ग्राम कजरवाड़ा में जल जीवन मिशन के कार्यों का अवलोकन किया। उन्होंने कहा कि पानी टंकी की सुरक्षा के लिए चारों ओर फेंसिंग करें। शेष निर्माण कार्यों को जल्द पूर्ण कराएं तथा हर घर तक शुद्ध पेयजल की आपूर्ति सुनिश्चित करें। कलेक्टर श्री मिश्रा ने हितग्राहियों से जल जीवन मिशन के कार्यों का फीडबैक लिया। ग्रामीणों से चर्चा के दौरान उन्होंने जल संरक्षण का महत्व बताते हुए पानी का दुरूपयोग रोकने के लिए प्रेरित किया। निरीक्षण के दौरान सीईओ जिला पंचायत श्री श्रेयांश कूमट, सीईओ जनपद पंचायत नैनपुर श्री विनोद मरावी सहित संबंधित उपस्थित थे।

## मसूर-सरसों के पंजीयन की अवधि कल तक

**मंडला, देशबन्धु।** कृषक हित को दृष्टिगत तथा जिलों से प्राप्त प्रस्ताव के अनुक्रम में फसल चना, मसूर एवं सरसों के पंजीयन की अंतिम अवधि 17 मार्च के स्थान पर 21 मार्च तक निर्धारित की गई है।

# उद्यमशीलता के लिए कार्यशाला कौशल विकास पर दिया जोर

**मंडला, देशबन्धु।** जिले में सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों (एम.एस.एम.ई.) को सशक्त बनाने और उनकी प्रतिस्पर्धात्मकता को बढ़ाने के उद्देश्य से कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह कार्यशाला रेज़िंग एंड एक्सलेरेटिंग एमएसएमई परफॉर्मेंस स्कीम के अंतर्गत स्टेट नोडल एजेंसी, मध्यप्रदेश लघु उद्योग निगम लिमिटेड द्वारा आयोजित की गई। इस कार्यशाला का प्रमुख उद्देश्य ज़ेड स्कीम और एमएसएमई कॉम्पेटिटिव लीन स्कीम के प्रति जागरूकता बढ़ाना था, ताकि स्थानीय उद्यमी अपने व्यवसाय को अधिक दक्ष और गुणवत्तायुक्त बना सकें।

कार्यशाला में महाप्रबंधक एन.के. वास्कले ने आरएएमपी योजना की उपयोगिता पर प्रकाश डालते हुए स्थानीय उद्यमियों को इस योजना के माध्यम से मिलने वाले लाभों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि एम.एस.एम.ई. क्षेत्र को सरकार की विभिन्न योजनाओं का लाभ उठाकर अपने व्यवसाय को अधिक प्रतिस्पर्धी बनाना चाहिए। उन्होंने उद्यमियों को एक्सपोजर विजिट, कौशल विकास और आरएएमपी स्कीम के तहत होने वाले अन्य कार्यक्रमों में अधिक भागीदारी के लिए प्रेरित किया।

भारतीय गुणवत्ता परिषद के विशेषज्ञ राजेश सरवटे ने ज़ेड योजना के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की। उन्होंने स्थानीय उद्यमियों को ज़ेड प्रमाणन के




फायदों के बारे में विस्तार से बताया और इसके तहत मिलने वाले प्रोत्साहनों की जानकारी दी। इसके अलावा, राष्ट्रीय उत्पादकता परिषद के सहायक निदेशक श्री नमन उपाध्याय ने एमएसएमई कॉम्पेटिटिव लीन स्कीम पर एक विस्तृत सत्र लिया।

उन्होंने बताया कि एमसीएलएस योजना को अपनाकर एम.एस.एम.ई. उद्यमी अपनी उत्पादन क्षमता, गुणवत्ता और दक्षता में सुधार कर सकते हैं, जिससे उनका व्यवसाय अधिक सुचारू और लाभदायक हो सकता है।

### सार-समाचार

## बाइक चोर गिरफ्तार



**भुआ बिछिया, देशबन्धु।** एक फरवरी को बिछिया पुलिस थाने पर प्रार्थी चंद्रभूषण तिवारी थाने पर आकर रिपोर्ट दर्ज कराया की दिनांक 31.1.2025 की शाम करीब 8:00बजे मैंने अपनी मोटर साइकिल पैशन प्रो क्रमांक द्वश्च51 एमडी 2959 को अपने घर के सामने खड़ा करके बाजार के तरफ गया था जब करीब 9:00 बजे रात्रि में वापस अपने घर आया तो देखा की मोटर साइकिल वहां पर नहीं थी मेरी मोटर साइकिल किसी अज्ञात व्यक्ति के द्वारा चोरी करके लेजा लिये हैं की रिपोर्ट पर थाना बिछिया में अपराध क्रमांक 43/ 25 धारा 303 (2) बी.एन.एस. का अपराध कायम कर विवेचना में लिया गया वरिष्ठ अधिकारीयो के निर्देशन में कार्य करते हुए चोरी गई मोटरसाइकिल की तत्परता से तलाश की गई , थाना बिछिया पुलिस द्वारा दिनांक 18. 3. 2025 को मामले के आरोपी सुरेश कुशराम पिता लखनलाल कुशराम उम्र 24 साल ग्राम सूरजपुर थाना मोतीनाला के कब्जे से चोरी गई मोटरसाइकिल जप्त कर आरोपी को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया जो जिसे माननीय न्यायालय के आदेश पर जेल दाखिल किया गया है मामले में विवेचना जारी है। कार्यवाही में थाना प्रभारी बिछिया धर्मेंद्र सिंह धुर्वे प्र. अ.खेलसिंह, अजीत, आरक्षक अरविंद बर्मन, नवीन , श्रीराम, सूर्यचंद बघेल साइबर सेल की विशेष भूमिका रही।

## आंगनबाड़ी केन्द्र कजरवाड़ा पहुंचे कलेक्टर, देखी व्यवस्था

**मंडला, देशबन्धु।** नैनपुर क्षेत्र के भ्रमण के दौरान कलेक्टर श्री सोमेश मिश्रा ने आँगनवाड़ी केन्द्र क्रमांक-2 कजरवाड़ा का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने आंगनवाड़ी भवन में शेष निर्माण कार्यों को समय सीमा में पूर्ण कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बच्चों की शैक्षणिक रूचि बढ़ाने के लिए वॉलपेंटिंग कराएं। खिड़कियों पर जालियाँ लगवाएं। मुख्य सड़क



से आँगनवाड़ी केन्द्र तक सीसी रोड अथवा प्योर ब्लॉक लगाकर रास्ता बनवाएं। आंगनवाड़ी परिसर में पोषणवाटिका विकसित करें। इस दौरान उन्होंने बच्चों से आत्मीय चर्चा करते हुए आंगनवाड़ी केन्द्र में मिल रही सुविधाओं की जानकारी ली तथा उन्हें प्रतिदिन आंगनवाड़ी आने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने आंगनवाड़ी कार्यकर्ता को निर्देशित किया कि बच्चों को नियमित रूप से कक्षा, गृह और श्यामपट कार्य का अभ्यास कराएं, जिससे बच्चों का शैक्षणिक स्तर बेहतर बन सके। उन्होंने बच्चों को नियमित रूप से मेन्यू के अनुसार मध्यान्ह भोजन देने के निर्देश दिए। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत श्री श्रेयांश कूमट, सीईओ जनपद पंचायत नैनपुर श्री विनोद मरावी सहित संबंधित उपस्थित थे।

## त्रैमासिक निरीक्षण 24 मार्च को

**मंडला, देशबन्धु।** अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री राजेन्द्र कुमार सिंह ने बताया कि रानी फूलकुंवर शासकीय पॉलीटेक्निक कॉलेज के पीछे स्थित ईव्हीएम व्हीव्हीपीएटी वेयरहाउस का त्रैमासिक निरीक्षण 24 मार्च को दोपहर एक बजे किया जायेगा। उन्होंने राजनैतिक दलों से निर्धारित समय पर ईव्हीएम वेयरहाउस में स्वत: उपस्थित रहने अथवा अपने अधिकृत प्रतिनिधि को भेजने की अपील की है।

# कार्य प्रगति की कलेक्टर ने की समीक्षा

### अधिकारियों को दिए निर्देश

**डिंडोरी, देशबन्धु।** कलेक्टर नेहा मारव्या ने विगत दिनों पहले बैठक में विभागवार संचालित योजनाओं एवं कार्य प्रगति की समीक्षा की गई। उक्त बैठक में सीईओ जिला पंचायत श्री अनिल कुमार राठौर, अपर कलेक्टर सुनील शुक्ला, एसडीएम भारती मेरावी, सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

कलेक्टर ने जिले के समस्त अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि सभी निरीक्षण के दौरान चिन्हित बिंदुओं का पालन प्रतिवेदन भेजना सुनिश्चित करेंगे। जिले के आधारभूत संरचना को मजबूत करने के उद्देश्य से कलेक्टर के निर्देशानुसार शासकीय भवनों एवं कार्यालयों का निरीक्षण किया जा रहा है। आंगनबाड़ी, स्वास्थ्य केन्द्र और छात्रावास निरीक्षण के बाद इस क्रम में कलेक्टर ने जिले के समस्त वेयर हॉउस और पीडीएस शॉप के निरीक्षन के उपरांत कलेक्टर ने जिले में पेयजल की स्थिति की समीक्षा करते हुए पेयजल समस्याग्रस्त ग्रामों में पेयजल व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने संबंधित विभाग को निर्देशित करते हुए कहा कि जलजीवन मिशन के तहत निर्मित सभी वाटर टेंक का प्रतिवेदन प्रस्तुत करें। गुणवत्ता विहीन कार्य होने की स्थिति में संबंधित ठेकेदारों का भुगतान रोकने की कार्यवाही करें।

कलेक्टर ने राजस्व विभाग को वक्फ सम्पतियों का भौतिक सत्यापन करने के निर्देश दिए। राजस्व विभाग की समीक्षा करते हुए कलेक्टर श्रीमती मारव्या ने फार्मर रजिस्ट्री, सीमांकन, राजस्व वसूली सहित अन्य राजस्व विषयों के लंबित प्रकरणों को त्वरित निपटान करने के लिए निर्देश दिए।

## नाबालिग से दुष्कर्म करने के मामले में दो गिरफ्तार



**डिंडोरी, देशबन्धु।** समनापुर पुलिस ने नाबालिग से दुष्कर्म के दो अलग-अलग मामलों में आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने देवरी निवासी अजय सिंह और मानपुर गांव के राकेश धुर्वे को पकड़ा है। थाना प्रभारी कामेश धूमकेती के अनुसार, अजय सिंह वर्ष 2024 से फरार था। मुखबिर की सूचना पर पुलिस टीम ने उसे देवरी गांव से पकड़ा। दूसरे आरोपी राकेश धुर्वे को मानपुर गांव से गिरफ्तार किया गया। दोनों आरोपियों ने लड़कियों को प्रलोभन देकर एकांत में ले जाकर दुष्कर्म किया था। पीड़िताओं ने परिजनों के साथ पुलिस में शिकायत दर्ज कराई थी। पुलिस ने आरोपियों द्वारा घटना में प्रयोग की गई बाइक भी जब्त कर ली है।

## 25 किलो मांस और जाल के साथ तीन गिरफ्तार

### डिंडोरी में जंगली सूअर का किया था शिकार

**डिंडोरी, देशबन्धु।** डिंडोरी वन परिक्षेत्र के लुढरा गांव में वन विभाग की टीम ने मुखबिर की सूचना पर जंगली सुअर का शिकार कर मांस पका रहे तीन आरोपियों को मंगलवार को गिरफ्तार किया है। दो अन्य आरोपी मौके से फरार हो गए।

रेंजर सुदीप मिश्रा ने बताया कि लुढ़रा गांव से मिली सूचना के बाद टीम ने कार्रवाई की। मौके से भद्दे लाल यादव, जय सिंह परस्ते और थान सिंह को हिरासत में लिया गया। आरोपियों के पास से लगभग 25 किलो मांस और शिकार में इस्तेमाल जाल बरामद किया गया। इस कार्रवाई में डिप्टी रेंजर सेव भजन लाल गोप, नितिन मार्को, उदय भान मरावी समेत वन रक्षक नितेश धुर्वे, बलिराम उईके, सुनील कोरी, अमृत लाल मरावी, खुशबू मरावी, सुनीता मरावी, वीरेंद्र धुर्वे और रवि परस्ते की टीम शामिल रही।



## कलेक्टर ने किया माई की रसोई के शेड निर्माण कार्य का निरीक्षण

**मण्डला,देशबन्धु।** माहिष्मति घाट पर माई की रसोई के सामने बनाये जा रहे शेड के निर्माण कार्य का कलेक्टर श्री सोमेश मिश्रा ने निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि शेड निर्माण को शीघ्र पूर्ण करायें। शेड के पाइप और ग्रिल्स पर एक ही रंग से रंगाई कराएं। परिसर की नियमित साफ-सफाई कराएं। इस अवसर पर तहसीलदार मंडला श्री हिमांशु भलावी, नगर पालिका परिषद मंडला के अधिकारी उपस्थित रहे।

# ग्राम पड़री में पानी है न सड़क, सौंपा ज्ञापन

### ग्राम में दो हैंडपंप, दोनों ही खराब, झिरिया का पानी पी रहे लोग



**जबेरा, देशबन्धु।** विकासखंड जबेरा के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत सगरा के ग्राम पड़री आज भी विकास से कोसों दूर है। जहां के ग्रामवासी सड़क पानी जैसी मूलभूत समस्याओं से जूझ रहे हैं और झिरिया का पानी पीने को मजबूर हैं। ग्राम में सड़क पानी की समस्याओं का शीघ्र निराकरण कराए जाने की मांग को लेकर जनपद उपाध्यक्ष प्रतिनिधि सुजान सिंह ने जबेरा जनपद सीईओ डॉ रामेश्वर पटेल को ज्ञापन सौपा है।

ज्ञापन में मांग करते हुए बताया गया की जबेरा जनपद पंचायत के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत सगरा से लगे करीब दो सौ की आबादी वाले ग्राम पड़री के रामपुर टोला में भीषण जल संकट की समस्या बनी हुई है। जहां ग्राम में दो हेडपंप है किंतु दोनों बंद पड़े हैं जिनका कभी सुधार कार्य नहीं हुआ और ग्रामवासी जैसे तैसे झिरिया का पानी पीकर प्यास बुझा रहे हैं किंतु ग्राम के मवेशियों के लिए पानी की कोई व्यवस्था नहीं है।

ज्ञापन में बताया गया कि इसी तरह ग्राम के मुख्य मार्ग से रामपुर मोहल्ला तक कोई पहुंच मार्ग नहीं होने से ग्राम के बच्चे स्कूल नहीं जा पाते और बरसात में लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। इसी तरह ग्राम में रोजगार गारंटी योजना के तहत दो तालाब और एक स्टाफ डैम का निर्माण कराया गया है जो दोनों ही भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गए और ग्राम वासियों को इसका कोई लाभ नहीं मिला क्योंकि इनमें पानी ही नहीं रुकता है।

ज्ञापन में मांग करते हुए कहा है कि यदि 25 मार्च 2025 तक ग्राम में लोगों और मवेशियों के लिए पानी की समुचित व्यवस्था सहित ग्राम में सड़क निर्माण कराई जाने का लिखित आश्वासन नहीं दिया गया तो ग्राम वासियों के साथ जनपद पंचायत जबेरा के सामने धरना दिया जाएगा।

वहीं जनपद उपाध्यक्ष प्रतिनिधि सुजान सिंह ने बताया कि ग्राम पडरी के रामपुर मोहल्ला में पानी की कोई व्यवस्था नहीं है लोग झिरिया का पानी पीकर प्यास बुझा रहे हैं तो मवेशी पानी के लिए भटक रहे हैं ग्राम में दो हेडपंप हैं जो दोनों ही बंद पड़े हैं और ग्राम में नल जल योजना कब शुरू होती है इसका कोई पता नहीं है। साथ ही ग्राम में तलैया और स्टाप डेम इतने घटिया बनाए गए हैं कि जिनमें कभी पानी ही नहीं रहता है।

इसी तरह रामपुर से मुख्य मार्ग तक कोई पहुंच मार्ग नहीं है जिससे बरसात में लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है और बच्चे स्कूल नहीं जा पाते हैं। जनपद उपाध्यक्ष प्रतिनिधि सुजान सिंह ने बताया कि इन्हीं समस्या के शीघ्र निराकरण की मांग को लेकर जनपद सीईओ को ज्ञापन सौपा है और उक्त समस्याओं का निराकरण 25 मार्च तक नहीं हुआ तो ग्राम वासियों के साथ जनपद पंचायत जबेरा के सामने धरना दिया जाएगा।

# पारना बीट के जंगलों में लगी भीषण आग

## वन विभाग के लिए बनी चुनौती, तेज हवाओं ने बढ़ाई चिंता



**दमोह, देशबन्धु।** जिले के जंगल इस समय आग से धधक रहे हैं। अब तेजगढ़ रेंज की पारना बीट के डेलनखेड़ा के पास जंगल में भीषण आग लग गई है। यह आग बीते दो दिनों से लगी हुई है और तेज हवाओं के कारण वन अमले को आग बुझाने में कड़ी मशक्कत करनी पड़ रही है। पहाड़ पर लगी आग में पेड़ जल रहे हैं, जो रात के समय दूर से ही दिखाई दे रहे हैं। लोग भभकती हुई आग को देखकर अपने वाहन सड़क पर खड़े कर आग की लपटें देखने रुक जाते हैं।

जंगल में आग लगने से कई वन्य जीवों के रहवास भी प्रभावित होने की आशंका जताई जा रही है। आग इतनी भीषण है कि दूर से ही आग की लपटें और धुआं दिखाई दे रहा है। रात्रि के समय तो पूरा जंगल आग की लपटों से घिर जाता है। डिप्टी रेंजर चंद्र नारायण चौबे ने आग की सूचना पर वन अमले के साथ मौके पर पहुंचे और आग पर काबू पाने के लिए प्रयास शुरू किए गए।

बता दें गर्मी शुरू होने के साथ जंगल में आग लगने की घटनाएं सामने आने लगी हैं। इस आग से जंगल में लगे वनस्पति पौधे, पेड़, छोटे जीव आदि जल जाते हैं। आग लगने का कारण अज्ञात है, लेकिन वन अमला आग बुझाने का प्रयास कर रहा है। ज्यादातर आग लगने का कारण यह निकलता है कि पेड़ों के सूखे पत्तों के बीच राहगीरों द्वारा यदि जलती हुई बीड़ी फेंक दी तो कुछ देर बाद आग लग जाती है। तेजगढ़ रेंज के विनोद साहू, झलकन साहू, घनश्याम रैकवार और वन विभाग की पूरी टीम आग बुझाने में जुटी हुई है।

**इससे पहले तेंदूखेड़ा के जंगलों में लगी थी आग**

जिले में जहां भी जंगली इलाके हैं वहां आग लग रही है। दो दिन पहले तक तेंदूखेड़ा वन परिक्षेत्र के काफी बड़े जंगल में आग लगी थी। जिसे बुझने में तीन दिन लग गए। उसके बाद एक प्लांटेशन में आग लगने से आधा प्लांटेशन जल गया और बड़े बड़े पेड़ इस आग की चपेट में आ गए।



## रंगपंचमी पर निकली भोलेनाथ की बारात

**दमोह, देशबन्धु।** दमोह में रंग पंचमी का त्योहार उत्साह के साथ मनाया जा रहा है। शहर के पुराना थाना से युवाओं ने भोले बाबा की झांकी निकाली। सड़कों पर रंग और गुलाल की होली के बीच डीजे की धुन पर जमकर डांस किया गया। शहर में कई जगह होली मिलन समारोह का आयोजन किया जा रहा है। युवा व्यापारी संघ ने बड़ी देवी मंदिर परिसर में विशेष कार्यक्रम रखा है। इस अवसर पर अजब धाम के विख्यात संत जै जै सरकार के शिष्य छोटे सरकार भी शामिल होंगे। कार्यक्रम में कलाकार बरसाने की होली का नृत्य प्रस्तुत करेंगे। रंग-गुलाल के साथ फूलों की होली भी खेली जाएगी। त्योहार को शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने के लिए जिले में पुलिस बल तैनात किया गया है। प्रशासनिक अधिकारी हर गतिविधि पर नजर रख रहे हैं।